

राज्यपाल मंगुभाई पटेल से मध्यप्रदेश के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुखवीर सिंह ने शुक्रवार को राजभवन में सौजन्य भेंट की।

# गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर कवि सम्मेलन आज

## राष्ट्रीय कवि प्रदीप सम्मान वर्ष 2023 से अलंकृत होंगे डॉ. सुरेश अवस्थी

रवीन्द्र भवन के अंजनी सभागार में देश के सुविख्यात कवि प्रस्तुत करेंगे रचनाएं, डॉ.हरिओम पंवार, भुवन मोहिनी, डॉ. कीर्ति काले सहित लोकप्रिय कवि पधारेंगे

**भोपाल (काप्र)।**

**मध्यप्रदेश शासन, संस्कृति विभाग द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर अखिल भारतीय कवि सम्मेलन एवं राष्ट्रीय कवि प्रदीप सम्मान अलंकरण समारोह का आयोजन 25 जनवरी, 2025 को किया जा रहा है। वर्ष 2012 में प्रतिष्ठित राष्ट्रीय कवि प्रदीप सम्मान की स्थापना की गई थी।**

यह सम्मान मंचीय कविता के क्षेत्र में श्रेष्ठ एवं उत्कृष्ट अवदान के लिए कवि/कवियित्री को सम्मानित करने के उद्देश्य से स्थापित किया गया था। इस सम्मान के अन्तर्गत पांच लाख रुपये की राशि और सम्मान पट्टिका भेंट की जाती है। वर्ष 2023 का यह प्रतिष्ठित सम्मान अंतर्राष्ट्रीय कवि डॉ. सुरेश अवस्थी को प्रदान किया जावेगा। संचालक, संस्कृति एन.पी. नामदेव ने बताया कि अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन रवीन्द्र भवन के अंजनी सभागार में सायं 7 बजे किया जा रहा है। इसमें ओज के सुविख्यात कवि डॉ.हरिओम पंवार - मेरठ, डॉ. कीर्ति काले - दिल्ली, डॉ. कमलेश शर्मा - इटावा, श्री मदन मोहन समर — भोपाल, डॉ. भुवन मोहिनी - इंदौर, अमित शर्मा - नोएडा, श्री गौरव साक्षी - इंदौर, रमेश चन्द्र चांगेसिया प्रभात - बड़नगर अपनी-अपनी रचनाओं को प्रस्तुत करेंगे। इस कार्यक्रम में प्रवेश निःशुल्क रहेगा, पहले आओ - पहले पाओ की तर्ज पर स्थान प्रदान किया जा सकेगा। अन्तर्राष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त कवि, राष्ट्रपति सम्मान प्राप्त शिक्षाविद् एवं वरिष्ठ पत्रकार डॉ. सुरेश अवस्थी का जन्म 15 फरवरी, 1953 में ग्राम कहिंजरी, कानपुर देहात में हुआ था। आपके पिता का नाम श्री भैया लाल अवस्थी एवं माता का नाम श्रीमती ज्ञानवती अवस्थी है। आपकी शिक्षा एमए, बीएड, पीएचडी (हिंदी साहित्य) छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर से पूर्ण हुई। आप गुरु नानक कॉलेज, कानपुर में हिन्दी विभाग के विभागाध्यक्ष हैं, साथ ही दैनिक जागरण, कानपुर में 26 वर्षों से शिक्षा की मानक पत्रकारिता भी जारी है। आपकी प्रकाशित कृतियां आंधी बरगद और लोग (कविता संग्रह), शीतयुद्ध (कथा संग्रह), चप्पा चप्पा चरखा चले (पद्य व्यंग्य संग्रह), सब कुछ दिखता है (गद्य व्यंग्य संग्रह), नो टेंशन (गद्य व्यंग्य संग्रह), व्यंग्योपैथी (व्यंग्य संग्रह), कैंची और आलपिन (पद्य व्यंग्य संग्रह), बन कर खिलो गुलाब (दोहा संग्रह), दीवारें सुन रही हैं (ग़ज़ल संग्रह), डॉ. सुरेश अवस्थी के प्रमुख व्यंग्य (गद्य व्यंग्य संग्रह) इत्यादि हैं। आपको हिंदी शिक्षण व साहित्य प्रसार के लिए राष्ट्रपति सम्मान 2008, उत्तर प्रदेश हिंदी संस्थान का पंडित नारायण चतुर्वेदी स्मृति सम्मान, काका हाथरसी स्मृति हास्य व्यंग्य, विक्रमादित्य सम्मान , मध्य प्रदेश सहित अन्य हैं। इसके अलावा विदेश में उच्चायुक्त लन्दन में दो बार सम्मान, इंग्लैंड में उच्चायोग की ओर से दो बार सम्मान, यूके हिंदी समिति, इंग्लैंड द्वारा सम्मान सहित अमेरिका एवं कनाडा में भी आपको विशेष सम्मानों से सम्मानित किया जा चुका है।

## रुक जाना नहीं (परीक्षा दिसंबर 2024) का परीक्षा परिणाम घोषित

**भोपाल।** मध्यप्रदेश राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड के वर्ष-2024 के द्वितीय सत्र की परीक्षाएँ दिनांक 18 दिसंबर 2024 से दिनांक 06 जनवरी 2024 तक आयोजित हुईं।

कक्षा 10 एवं 12 की रुक जाना नहीं योजना की परीक्षा में कुल 81749 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए। दिनांक 24 जनवरी 2025 को रुक जाना नहीं योजना की परीक्षा का परिणाम घोषित किया गया। कक्षा 10 में 21052 परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए तथा 52.71 प्रतिशत परीक्षा परिणाम रहा। इसी प्रकार कक्षा 12 में 23187 परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए तथा परीक्षा परिणाम 55.45 प्रतिशत रहा। 41 प्रतिशत परीक्षार्थी द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। कक्षा 10 में 40.16 प्रतिशत द्वितीय श्रेणी तथा कक्षा 12 में 41.00 प्रतिशत द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। अनुत्तीर्ण परीक्षार्थी द्वारा आगामी आ लौट चलें'' (जून 2025) परीक्षा में सम्मिलित होने के लिये एमपी ऑनलाइन के माध्यम से परीक्षा फॉर्म भरे जा सकते हैं। परीक्षा फार्म एवं अन्य जानकारी म.प्र. राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड की वेबसाइट से प्राप्त की जा सकती है।

## अब तक 94 हजार स्मार्ट मीटर स्थापित

**भोपाल।** केन्द्र सरकार की रिवेम्प्ड डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर स्कीम योजना के अंतर्गत मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा कंपनी कार्यक्षेत्र में स्मार्ट मीटर लगाने का काम त्वरित गति से शुरू कर दिया गया है। जहां जहां स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके हैं, वहां पर समय पर बिलिंग तथा रीडिंग हो रही है। कंपनी कार्यक्षेत्र के भोपाल, नर्मदापुरम, ग्वालियर एवं चंबल संभाग के 16 जिलों में अब तक 94 हजार 444 स्मार्ट मीटर स्थापित किए जा चुके हैं। कंपनी ने कहा है कि स्मार्ट मीटर लगने से उपभोक्ताओं को बेहतर सेवाएं, सटीक बिलिंग और ऊर्जा दक्षता में सुधार होगा। स्मार्ट मीटर लगाने का काम समय सीमा में पूर्ण करने के लिए कंपनी की टीमें लगातार कार्य में जुटी हुई हैं। कंपनी ने स्मार्ट मीटर के फायदे बताते हुए कहा है कि स्मार्ट मीटर से रियल टाइम डेटा प्राप्त किया जा सकता है, जिससे उपभोक्ताओं को सटीक और समय पर बिलिंग सुनिश्चित की जा रही है। इसके अतिरिक्त स्वीकृति प्रक्रिया को सरल और तेज बनाने के लिए आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाए जा रहे हैं। जहां जहां भी स्मार्ट मीटर स्थापित किए जा चुके हैं वहां पर बिलिंग तथा रीडिंग निर्धारित समय पर हो रही है, इससे सभी उपभोक्ता संतुष्ट हैं।

## लोक सेवा प्रदाय की प्रक्रिया का हो सरलीकरण :सुलेमान

**भोपाल (काप्र)। जनता को लोक सेवा प्रदाय की प्रक्रिया का सरलीकरण किया जाये जिससे कि उन्हें बिना किसी परेशानी के समय से शासकीय योजनाओं का लाभ मिल पाये और उनके कार्य आसान हों।**

विभिन्न शासकीय योजनाओं में विभागों को दिए गए लक्ष्यों को समय सीमा में पूर्ण किया जाये। अधिकारी जनप्रतिनिधियों से शासकीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों के क्रियान्वयन के संबंध में सतत समन्वय रखें और उनके माध्यम से प्राप्त जनता के आवेदनों का त्वरित एवं समाधानपूर्ण् निराकरण किया जाये । अपर मुख्य सचिव एवं भोपाल संभाग के प्रभारी सचिव मोहम्मद सुलेमान ने आज संभागायुक्त कार्यालय भोपाल के सभाकक्ष में सम्पन्न संभागीय समीक्षा बैठक में ये निर्देश दिए। बैठक में महापौर श्रीमती मालती राय, जिला पंचायत अध्यक्ष रायसेन, यशवंत मीणा, विधायक विष्णु खत्री, प्रभुराम चौधरी, हजारीलाल दांगी, गोपाल सिंह इंजीनियर, हरि सिंह सप्रे, सूर्यप्रकाश, आयुक्त भोपाल संभाग संजीव सिंह, संभाग के सभी जिलों के कलेक्टर्स, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत, सभी संभागीय अधिकारी एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। संभाग में राजस्व अभियान 3.0 की समीक्षा में बताया गया कि अभियान के अंतर्गत नामांतरण, बटवारा, सीमांकन, अभिलेख दुरूस्ती, पारंपरिक रास्तों का चिन्हांकन के कार्य में शत प्रतिशत उपलब्धि हासिल की गई है। राजस्व अभियान 3.0 की प्रदेश रैंकिंग में संभाग का विदिशा जिला दूसरे स्थान पर, सीहोर चौथे, रायसेन छठवें, राजगढ़ 19वें एवं भोपाल 31वें स्थान पर रहा है। महापौर श्रीमती मालती राय ने सुझाव दिया कि जनता को विवाह, जन्म-मृत्यु, जाति प्रमाण पत्र आदि आसानी से प्राप्त हों इसके लिए प्रक्रिया का सरलीकरण किया जाना चाहिए।

## एम्स ने नवजात शिशुओं के लिए विशेष रूप से मातृ दूध पोषण को बढ़ावा दिया

**भोपाल (काप्र)।** एम्स के कार्यपालक निदेशक प्रो. अजय सिंह के मार्गदर्शन में, संस्थान ने मातृ दूध पोषण प्रक्रिया के महत्व पर एक महत्वपूर्ण चर्चा आयोजित की। इस सत्र में नवजात शिशु विभाग के डॉक्टरों और प्रसूति वार्ड की नर्सों की एक समर्पित टीम शामिल हुई। चर्चा में विशेष रूप से स्तनपान को एक राष्ट्रीय प्राथमिकता के रूप में रेखांकित किया गया और सफल स्तनपान प्रथाओं को सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कदमों पर प्रकाश डाला गया। इस प्रक्रिया की शुरुआत गर्भावस्था के दौरान गर्भवती महिलाओं को स्तनपान के बारे में शिक्षित करने से होती है और यह प्रसव के बाद निरंतर मार्गदर्शन के साथ जारी रहती है। प्रसव के बाद, यह अत्यंत महत्वपूर्ण है कि माँ और नवजात शिशु को बिना किसी बाधा के एक साथ रखा जाए ताकि स्तनपान को प्रोत्साहन मिल सके।

यह निरंतर संपर्क माँ और बच्चे के संबंध को मजबूत करता है और यह सुनिश्चित करता है कि शिशु को केवल माँ का दूध ही मिले, जो शिशु के विकास और वृद्धि के लिए अत्यंत आवश्यक है। मुख्य अनुशंसाएं जिन पर चर्चा की गई, उनमें शामिल हैं- अस्पताल से छुट्टी से पहले प्रत्येक शिशु के पोषण की दोबारा जाँच करना और माँ की सभी शंकाओं का समाधान करना, चिकित्सा कारणों को छोड़कर हर समय बच्चे को मां की नज़र में रखना।

## सेवाधारियों के सम्मान के साथ प्राण प्रतिष्ठा समारोह संपन्न



**भोपाल (हिनप्र)।** नुक्कड़ वाली माता मंदिर प्रांगण में सात दिवसीय श्रीराम और हनुमान महाराज की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का समापन भजन संध्या के साथ हुआ।

भजन संध्या कथा व्यास निधि किशोरी के सानिध्य में हुई। देर रात तक एक से बढ़कर भजनों की प्रस्तुतियां दी गई। इस अवसर पर कार्यक्रम में सेवा देने वाले लोगों, कन्या पूजन में शामिल हुई कन्याओं और कलश यात्रा प्रभारियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कथा व्यास डॉक्टर अरविंद पचौरी आवाज संघ के पूर्व अध्यक्ष सुशील वासवानी, पूज्य सिंधी पंचायत के अध्यक्ष माधु चांदवानी, हिंदू फैंस क्लब के अध्यक्ष हीरो इसरानी, बजरंग सेवा समिति के अध्यक्ष कमलेश दीवानी, राज बिजोरिया और मंदिर के पुजारी रवि पटेरिया द्वारा सम्मानित किया गया।

## पेज एक से जारी खबरों के शेष...

### उन्नीस नगरीय एवं...

महिला के विरुद्ध अपराध में 5 अंक की कमी लाना, बाल विवाह को रोकने और महिला श्रमबल भागीदारी दर में 3 प्रतिशत की वृद्धि करना शामिल है। मिशन के प्रमुख घटक में स्वास्थ्य एवं पोषण, शिक्षा और जीवन कौशल, आर्थिक स्वावलंबन, सुरक्षा एवं संरक्षण और संवाद से व्यवहार परिवर्तन है। मंत्रि-परिषद ने प्रदेश में कृषक/कृषकों के समूह को कृषि पम्प कनेक्शन प्रदान करने के लिए प्रधानमंत्री कृषक मित्र सूर्य योजना में वर्तमान में प्रचलित मुख्यमंत्री कृषक मित्र योजना अंतर्गत सोलर कृषि पम्प भी सम्मिलित किए जाने का निर्णय लिया है। निर्णय अनुसार प्रधानमंत्री कृषक मित्र सूर्य योजना की अनुदान व्यवस्था को संशोधित किया गया है। अब योजना में परियोजना लागत का श्रेणीवार 5 प्रतिशत अथवा 10 प्रतिशत कृषक द्वारा मार्जिन मनी के रूप में दिया जाएगा। शेष राशि के लिए कृषक द्वारा ऋण लिया जाएगा, जिस ऋण के भुगतान का संपूर्ण दायित्व राज्य शासन का होगा। योजना के प्रथम चरण में अस्थायी विद्युत संयोजन वाले उपभोक्ताओं अथवा अविद्युतिकृत कृषकों को सोलर पंप का लाभ दिया जाएगा। योजना के आगामी चरणों में स्थायी विद्युत पंप उपयोग कर रहे कृषकों को भी सोलर पंप दिया जाना प्रस्तावित है। इसका क्रियान्वयन राज्य में मध्यप्रदेश ऊर्जा विकास निगम द्वारा केन्द्र सरकार की कुसुम योजना के घटक-ब अंतर्गत किया जायेगा। मंत्रि-परिषद ने प्रदेश में एनीमेशन, विजुअल इफेक्ट्स, गेमिंग कॉमिक्स और विस्तारित रियलिटी क्षेत्र के विकास को बढ़ावा देने के लिए मध्यप्रदेश एनीमेशन, विजुअल इफेक्ट्स, गेमिंग कॉमिक्स और विस्तारित रियलिटी (एवीजीसी/एक्सआर) नीति-2025 जारी किये जाने का निर्णय लिया है। यह नीति एवीजीसी क्षेत्र को बढ़ावा देकर राज्य को कई लाभ प्रदान कर सकती है। इससे न केवल युवाओं के लिए हजारों नौकरियों का सृजन होगा बल्कि राज्य की अर्थव्यवस्था को भी गति मिलेगी। इससे कौशल विकास को बढ़ावा मिलेगा और राज्य को इस क्षेत्र में विश्व स्तरीय उत्पादन केंद्र बनाने में मदद मिलेगी। मंत्रि-परिषद ने भोपाल शहर में बावड़ियाकलां चौराहा (अपोलो सेज अस्पताल) से ऑशिमा मॉल तक 733 मीटर लंबे रेलवे ओवर ब्रिज और 310 मीटर एप्रोच रोड़ के निर्माण कार्य के लिए 144 करोड़ 18 लाख रूपये की स्वीकृति दी है। इसके निर्माण से क्षेत्र में आवागमन सुगम होगा। मंत्रि-परिषद ने स्थानान्तरण पर प्रतिबंध से छूट देने की स्वीकृति देते हुए विशेष परिस्थितियों में स्थानान्तरण आदेश जारी करने के अधिकार विभागों को प्रत्यायोजित करने का निर्णय लिया। वहीं डॉ. भीमराव अम्बेडकर नगर इन्दौर (महू) में डॉ. बी.आर. अम्बेडकर सामाजिक विज्ञान विश्वविद्यालय को विधि संकाय प्रारंभ करने के लिए 25 करोड़ रूपये की राशि स्वीकृत की। इसके साथ ही डॉ. बीआर अम्बेडकर सामाजिक विज्ञान विश्वविद्यालय को सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के रूप में विकसित किए जाने का निर्णय लिया गया है। मंत्रि-परिषद द्वारा प्रदेश में स्वीकृत नवीन जिले मऊगंज, मैहर एवं पांढुर्णा में जिला चिकित्सालय के संचालन के लिये 424 नवीन पदों की स्वीकृति दी। इसमें 421 नियमित एवं 03 संविदा पद शामिल है।

### भारत सेमीकंडक्टर इस्तेमाल...

प्रकाश डाला। एआई के बारे में उन्होंने भारत की क्षमता पर जोर दिया कि वह सेमीकंडक्टर के इस्तेमाल के मामले में वैश्विक केंद्र बन सकता है। इससे वैश्विक स्तर के उद्योगों के लिए अभिनव अनुप्रयोग तैयार हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि एआई मॉडल तेजी से कमोडिटीकृत होते जा रहे हैं। ऐसे में वैश्विक उद्योगों की जरूरतों को पूरा करने वाले उपयोग के मामलों, अनुप्रयोगों और समाधानों को विकसित करने पर ध्यान केंद्रित होना चाहिए। श्री वैष्णव ने वैश्विक स्तर पर एआई के भविष्य को आकार देने की भारत की क्षमता को चिन्हित करते हुए कहा,विशेषज्ञों का मानना है कि भारत में एआई सेवाओं में दुनिया का नेतृत्व करने की क्षमता है, जैसा कि उसने आईटी सेवा क्षेत्र में सफलतापूर्वक किया है श्री वैष्णव ने सेमीकंडक्टर और एआई क्षेत्रों में भारत की उन्नति पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अधिकांश सेमीकंडक्टर उद्योग जगत के दिग्गजों का आज मानना है कि भारत जल्द ही सेमीकंडक्टर के लिए शीर्ष तीन गंतव्यों में शामिल हो जाएगा। उन्होंने इस बात पर जोर देते हुए कि वैश्विक कंपनियां भारत की ओर क्यों तेजी से आकर्षित हो रही हैं, देश के अद्वितीय लाभ पर प्रकाश डाला, जो विश्वास, अपार प्रतिभा और असाधारण डिजाइन क्षमताओं में निहित है। उन्होंने वैश्विक विश्वास का माहौल बनाने, कंपनियों को न केवल आपूर्ति श्रृंखलाओं बल्कि मूल्य श्रृंखलाओं को भी भारत में स्थानांतरित करने के लिए आकर्षित करने के लिए प्रधानमंत्री के नेतृत्व को श्रेय दिया। उन्होंने कहा, उन्नत डिजाइनों पर काम कर रहे लगभग 2,000 वैश्विक क्षमता केंद्रों (जीसीसी) के साथ, भारत वैश्विक विनिर्माण में एक प्रमुख भागीदार बनने के लिए तैयार है। दावोस में विश्व आर्थिक मंच में भारत का अब तक का सबसे बड़ा दल पहुंचा। इनमें उत्तर प्रदेश, आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र, तमिलनाडु, तेलंगाना, केरल और पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्रियों और अन्य अधिकारियों और उद्योग प्रतिनिधियों ने भाग लिया। केंद्रीय टीम का नेतृत्व अश्विनी वैष्णव, सीआर पाटिल, डी कुमारस्वामी, चिराग पासवान, जयंत चौधरी कर रहे हैं। पहली बार सभी राज्य मंडप भारत मंडप के अनुरूप थे और एक साथ थे। पहली बार भारत की एकजुटता और एकता को प्रदर्शित करते हुए सभी राज्य और केंद्रीय टीम ने संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस की।

### केंद्र सरकार बालिकाओं...

सभी को प्रेरणा देते रहते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा, हमारी सरकार ने शिक्षा, प्रौद्योगिकी, कौशल, स्वास्थ्य देखभाल आदि क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित किया है, जिन्होंने बालिकाओं को सशक्त बनाने में योगदान दिया है। हम यह सुनिश्चित करने के लिए समान रूप से दृढ़ हैं कि बालिकाओं के खिलाफ कोई भेदभाव न हो।

### एक्टिंग छोड़ किन्नर...

किया। किन्नर अखाड़े की आचार्य महामंडलेश्वर लक्ष्मी नारायण ने कहा कि किन्नर अखाड़ा उन्हें महामंडलेश्वर बनाने जा रहा है। उनका नाम श्री यामाई ममता नंदगिरि रखा गया है। ममता कुलकर्णी ने कहा कि यह महादेव, महा काली का आदेश था। यह मेरे गुरु का आदेश था। उन्होंने यह दिन चुना। मैंने कुछ नहीं किया। बताया जा रहा है कि उनका पट्टाभिषेक किया जाएगा। साध्वी बनने के बाद ममता ने कहा कि महाकुंभ में आना और आयोजन की भव्यता देखना उनके लिए बेहद यादगार पल है। ममता ने यह भी कहा कि वह पवित्र महाकुंभ का गवाह बनकर खुद को भाग्यशाली महसूस कर रही हैं। किन्नर अखाड़े की नवनियुक्त महामंडलेश्वर माई ममतानंद गिरी ने बताया कि मैंने किन्नर अखाड़े में शामिल होने का फैसला किया, जिसका मार्गदर्शन हमारे गुरु महामंडलेश्वर स्वामी पार्वती नंद गिरि ने किया था, क्योंकि यह दुनिया भर में सनातन धर्म का प्रचार करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने यह भी कहा कि उन्होंने छह साल में किन्नर अखाड़े की आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी महाराज से बहुत कुछ सीखा है। महाकुंभ में संन्यास लेने का उनका निर्णय, जहां लाखों लोग आध्यात्मिक सांत्वना की तलाश में इकट्ठा होते हैं, उनके जीवन की दिशा में एक गहन बदलाव को रेखांकित करता है। बॉलीवुड में ममता कुलकर्णी का सफर 1992 की फिल्म तिरंगा में राज कुमार और नाना पाटेकर जैसे स्थापित अभिनेताओं के साथ एक छोटी सी भूमिका के साथ शुरू हुआ। हालाँकि, यह 1993 में अशांत, आशिक आवारा और वक्त हमारा है में उनकी भूमिकाएँ थीं, जिन्होंने वास्तव में 90 के दशक के एक प्रसिद्ध आइकन के रूप में उनकी स्थिति को मजबूत किया।

## विजिलेंस चैकिंग के देयकों का भुगतान ऑनलाइन माध्यम से करने की सुविधा शुरू

**भोपाल।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा विलिलेंस देयकों के लिए ऑनलाइन भुगतान की सुविधा शुरू कर दी गई है। कंपनी ने बताया कि पूर्व में सतर्कता एवं अन्य जांच दलों द्वारा जांच उपरांत किसी व्यक्ति अथवा उपभोक्ता को जारी किए गए देयकों का भुगतान करने वितरण केन्द्र अथवा जोन कार्यालय पर जाकर पॉस मशीन से या फिर वितरण केन्द्र के कैश काउंटर पर जमा करना होता था। अब उन्हें कहीं जाने की आवश्यकता नहीं है, कंपनी ने अब इसके लिए ऑनलाइन भुगतान की सुविधा कंपनी के पोर्टल पर उपलब्ध करा दी है। अब शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के बिजली उपभोक्ताओं के लिए कंपनी के पोर्टल पर ऑनलाइन भुगतान के लिए निर्धारित प्रक्रिया का पालन करना होगा। कंपनी ने कहा है कि इसके लिए उपभोक्ता को पोर्टल पर एलटी सर्विस ऑप्शन को कलिक करना होगा। जिसके बाद व्यू पे बिल तथा व्यू विजलेंस बिल का चयन करना होगा। इसके बाद ऑनलाइन विजिलेंस पेमेंट की विंडो पर कंज्यूमर नंबर या फिर पंचनामा नंबर डालना होगा। यह प्रक्रिया पूरी होने पर बिल पेमेंट का ऑप्शन आएगा। इसी तरह उपाय एप के माध्यम से भी विजिलेंस देयकों का भुगतान आसानी से किया जा सकता है।

## साधु वासवानी स्कूल में गणतंत्र दिवस की तैयारियां



**भोपाल (हिनप्र)।**

**गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियां साधु वासवानी स्कूल में चल रही हैं।**

शुक्रवार को मैदान पर बच्चों ने पीटी, सांस्कृतिक कार्यक्रम की अंतिम रिहर्सल हुई। शिक्षाविद् विष्णु गेहानी ने बताया कि गणतंत्र दिवस पर समारोह झण्डावंदन के साथ शुरू होगा।

तत्पश्चात प्रातः 8 बजे भव्य रैली निकाली जाएगी। जिसमें विद्यार्थी बेनर रंग-बिरंगी टोपियॉ पहने हाथों में तिरंगे झण्डे लेकर रैली के लिए प्रस्थान करेंगें। बैंड व बाजों के साथ जय जवान, जय किसान भारत माता की जय आदि नारों की तख्तियॉ हाथों में लिए रैली नगर के विभिन्न मार्गों से होती हुई स्कूल परिसर में समाप्त होगी।

इस अवसर पी.टी. एवं मार्च पास्ट का प्रदर्शन किया जाएगा। झण्डे को सलामी देते हुए राष्ट्र-गीत का गायन किया जाएगा। तत्पश्चात देश-भक्ति से ओत-प्रोत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया जाएगा। एवं विद्यार्थियों द्वारा गणतंत्र दिवस के अवसर पर विचार विमर्श किया जाएगा।

## निगम आयुक्त ने कई क्षेत्रों में साफ-सफाई व्यवस्था का किया निरीक्षण

**भोपाल (काप्र)।** निगम आयुक्त हरेन्द्र नारायन ने स्वच्छ सर्वेक्षण के मापदण्डों अनुसार साफ-सफाई व्यवस्था को और अधिक बेहतर ढंग से सुनिष्चित कराने के लिए शहर के विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण कर समक्ष में एवं वी.सी.के माध्यम से निर्देषित किया कि संपूर्ण शहर में गीले-सूखे व अन्य प्रकार के कचरे का पृथक्कीकरण शत-प्रतिशत सुनिश्चित कराया जाए। निगम आयुक्त ने सेंट्रल वर्ज, साईड वर्ज, डिवाइडर एवं उनके आसपास से धूल-मिट्टी, कचरा पूरी तरह से साफकराने, गंदगी फैलाने वालों पर सख्ती से स्पॉट फाईन करने, सम्पत्ति विरूपण करने वाली सामग्री को हटाने, नालियों की सफाई कराने एवं कचरा उठाने के निर्देश दिए। निगम आयुक्त ने शुक्रवार को अरेरा हिल्स, जेल रोड, झदा कब्रिस्तान, जहांगीराबाद बाजार, बरखेड़ी, पुल पातरा, सेंट्रल लाइब्रेरी, इतवारा, भोपाल टॉकीज, सिंधी कालोनी, मॉडल ग्राउंड, पूरी तरह से साफकराने के निर्देश दिए।

## फुल मैराथन मुंबई में नया रिकॉर्ड बनाया वासंदानी ने

**भोपाल (हिनप्र)।** उद्यमी और एमईएस बिल्डर्स एसोसिएशन के



चेयरमैन धर्मेन्द्र वासंदानी ने टाटा मुंबई फुल मैराथन में लगातार तीसरी बार दौड़ पूरी कर नया रिकॉर्ड बनाया है। अपनी सफलता पर वासंदानी का मानना है कि शारीरिक स्वास्थ्य केवल अच्छे प्रदर्शन का आधार नहीं है, बल्कि यह जीवन में अनुशासन, समर्पण और निरंतरता का भी प्रतीक है। वासंदानी को अनेक पुरस्कार मिल चुके हैं। साइक्लथॉन, मैराथन और क्रिकेट टूर्नामेंट्स सहित कई अन्य खेलों में उनकी उपलब्धियां हैं। टाटा मुंबई फुल मैराथन जैसी प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में लगातार तीन बार भाग लेना और उसे पूरा करना एक बड़ी उपलब्धि है।

**मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम**

**कार्यालय परियोजना यंत्री, संभाग क्र.-1, भदभदा रोड, भोपाल**

**क्र./131/तशा/प.यं./2025** **दिनांक : 21.01.2025**

**प्रेस विज्ञप्ति**

इस कार्यालय द्वारा सीसीटीव्ही कंट्रोल रूम जिला गुना में मरम्मत कार्य हेतु ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा क्रमांक 2025_MPPHC_397679_1 दिनांक 30.01.2025 समय अपराह्न 17:00 बजे तक खरीदी जा सकती है। विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण **Portal : www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं।

म.प्र. माध्यम/118489/2025 **परियोजना यंत्री**